गुरू घासीदास विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बिलासपुर (छत्तीसगढ़) भारत

वार्षिक प्रतिवेदन
2013-2014

पंचम दीक्षांत समारोह

Dr. L. Chaturvedi, VC, GGV Addressing

Dr. Madhav Menon, Chancellor, GGV Addressing

Memento Presenting to Dr. T. Ramasami

Proceeding Towards Convocation Hall

Student Receiving Degree

Students waiting for Oath Ceremony

वार्षिक प्रतिवेदन

(01.04.2013 से 31.03.2014 तक)

xq: ?kklhnkl fo'ofo|ky;
fcykliqj ¼NÙkhlx<½ Hkkjr&495009

nqjHkk"k% 07752-260283] 260353 QSDl% 07752-260148
osclkbV% www.ggu.ac.in bZ&esy% centralggu@ggu.ac.in

विश्वविद्यालयः दृष्टि एवं उद्देश्य

दृष्टि

17वीं शताब्दी के महान् सतनामी संत गुरू घासीदास के विचारों एवं शिक्षा से प्रेरित होकर गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षा की सहायता से सामाजिक सशक्तिकरण, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय का मुख्य ध्यान विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी के उभरते अंतर–अनुशासनात्मक क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण नवीन अकादमिक पाठ्यक्रम को उपलब्ध कराने एवं इसे सुदृढ़ करने पर है, जिससे न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि अकादमिक जगत के ज्ञान भण्डार का भी निरंतर विकास हो। विश्वविद्यालय का उद्देश्य मूल्य आधारित संपूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे मानवता की सेवा हेतु सुशिक्षित समुदाय की अभिवृद्धि एवं विकास किया जा सके।

उद्देश्य

- निर्देशात्मक एवं शोध सुविधाओं के माध्यम से ज्ञान का विकास एवं प्रसार।
- मानविकी, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के शैक्षणिक कार्यक्रमों में एकीकृत पाठ्यक्रम हेतु विशेष प्रावधान।
- शिक्षण अधिगम प्रक्रिया एवं अंतर–अनुशासनात्मक अध्ययन तथा शोध में नवीन ज्ञान को प्रोत्साहित करने हेतु यथोचित उपाय।
- राष्ट्र के विकास हेतु मानव शक्ति का शिक्षण एवं प्रशिक्षण।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास हेतु उद्योगों से संबंध स्थापित करना।
- ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों का निरूपण एवं आरंभ, जो व्यक्तियों, विशेषतः आवश्यक सुविधा से वंचित व्यक्तियों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार कर सके तथा उनके बौद्धिक, अकादमिक व सांस्कृतिक विकास का मार्ग प्रशस्त कर सके।

प्रेरणास्त्रोत

गुरु घासीदास

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय का नामकरण दूरदर्शी समाज सुधारक संत गुरु घासीदास (1756–1836) के नाम पर हुआ है। जिन्होंने तत्कालीन भेदभाव पूर्ण सामाजिक व्यवस्था को चुनौती दी और शोषणमुक्त व वंशानुगत जाति व्यवस्था का खण्डन कर सामाजिक समानता को महत्व प्रदान किया। गुरु घासीदास ने सर्वग्राही दृष्टि और चरणबद्ध सुधार के माध्यम से प्रचलित सामाजिक अन्याय एवं असमानता को दूर करने में योगदान दिया। सतनाम पंथ 'सत्य ही ईश्वर है' में विश्वास करता है जो निर्गुण–निराकार और अनंत है। इनके द्वारा मदिरा–मांस के निषेध द्वारा आत्मशुद्धि का प्रयास किया गया। गुरु घासीदास के सिद्धांतों में चर–अचर के प्रति प्रेम एवं प्राणिमात्र के प्रति हिंसा निषेध प्रमुख हैं। सतनाम पंथ के अनुयायी सैकड़ों वर्षों से इन उपदेशों का अनुकरण करते आ रहे हैं। केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उन्नयन के उपरांत गुरूजी के विचारों को जीवन में उतारने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने अनेक कदम उठाए हैं। वर्तमान में हमारा विश्वविद्यालय परिसर मदिरा एवं तम्बाकू से पूर्णतः मुक्त है। गुरुजी की शिक्षाओं के अनुरूप भारत भर से आये विभिन्न वर्गों एवं जातियों के विद्यार्थियों को समानताधर्मी वातावरण विश्वविद्यालय के जीवंत परिसर में उपलब्ध है।

संपादकीय समिति

डॉ. अनुपमा सक्सेना राजनीति विज्ञान विभाग	अध्यक्ष
डॉ. मुरली मनोहर सिंह हिन्दी विभाग	अध्यक्ष (हिन्दी सम्पादकीय समिति)
डॉ. रमेश कुमार गोहे हिन्दी विभाग	सदस्य
डॉ. राजेश मिश्र हिन्दी विभाग	सदस्य
डॉ. वंदना तिवारी हिन्दी विभाग	सदस्य
डॉ. संतोष कुमार बघेल हिन्दी विभाग	सदस्य
श्री कृष्ण कुमार पासवान हिन्दी विभाग	सदस्य

आकड़ा संकलन

श्री सूरज कुमार मेहर
उप–कुलसचिव

श्री विनय सिंह
संगणक कार्यक्रम अधिकारी

श्री राजा जायसवाल
संगणक संचालक

श्री सतीश कुमार
कार्यालय सहायक

कुलगीत

गुरू कृपा के पुण्य परस से, विद्या का वरदान है।
घासीदास विश्वविद्यालय, हम सब का अभिमान है।

महानदी, शिवनाथ, नर्मदा, हसदो पावन धारा है।
अंतः सलिला अरपा का, सतत् प्रवाह हमारा है।
छत्तीसगढ़ की माटी का, यह अभिषेक महान् है।

भोरमदेव, सरगुजा, शिवरी, रतनपुर, मल्हार यहीं।
कालीदास का आम्रकूट है, अमर काव्य श्रृंगार यहीं।
धरती, गगन, सघन वन गूंजे, जीवन का नवगान है।

शस्य श्यामला धरती है, खेतों में हरियाली है।
नये भगीरथ कोरबा जैसी, लोक–शक्ति की लाली है।
जाग उठे हैं गांव हमारे, जागे सभी किसान हैं।

ज्ञान सभ्यता से आलोकित, विद्वत्जन सम्मान यहां।
माधव, लोचन, मुकुटधर पाण्डेय, बख्शी जी अरू भानु यहां।
राव, विप्र, रविशंकर, छेदी, कुंवर वीर का गान है।

मानव मूल्यों का सृजन करें हम, समता, ममता, शांति भरे।
हर्षित, पुलकित हो भारत मां, सुख–समृद्धि सर्वत्र झरे।
विद्या–मंदिर के प्रांगण से, नव–युग का अभियान है।

गुरू कृपा के पुण्य परस से .....

(यह कुलगीत प्रसिद्ध राजनेता, साहित्यकार एवं कवि स्वर्गीय पं. राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, प्रथम अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा रचित है।)

अनुक्रमणिका

विश्वविद्यालयः दृष्टि एवं उद्देश्य **4**

1. प्रस्तावना **12**
- 1.1 विश्वविद्यालयः एक दृष्टि 12
- 1.2 पेलेट्रान त्वरक सुविधा 14
- 1.3 शैक्षणिक पाठ्यक्रम 20
  - 1.3.1 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग 20

2. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अंग **24**
- 2.1 विश्वविद्यालय की अध्ययनशालायें 24
  - 2.1.1 कला अध्ययनशाला 24
  - 2.1.2 अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला 29
  - 2.1.3 विधि अध्ययनशाला 36
  - 2.1.4 जीव विज्ञान अध्ययनशाला 37
  - 2.1.5 प्रबंध एवं वाणिज्य अध्ययनशाला 42
  - 2.1.6 गणितीय एवं अभिकलन विज्ञान अध्ययनशाला 43
  - 2.1.7 प्राकृतिक संसाधन अध्ययनशाला 45
  - 2.1.8 भौतिक विज्ञान अध्ययनशाला 55
  - 2.1.9 सामाजिक विज्ञान अध्ययनशाला 57
- 2.2 एकेडमिक स्टाफ कॉलेज 61

3. मानव संसाधन **64**
- 3.1 शिक्षक सदस्य 64
- 3.2 गैर शैक्षणिक कर्मचारी 64

4. वित्तीय संसाधन **66**
- 4.1 वित्तीय विवरण 66
- 4.2 आय–व्यय विवरण 67
- 4.3 मार्च 2014 तक तुलन पत्र की अनुसूचियां 68
- 4.4 अन्य अनुदानों/वित्तीय सहायताओं की प्राप्ति एवं भुगतान का विवरण 69
- 4.5 प्राप्ति एवं भुगतान 74

5. छात्र सांख्यिकी एवं सुविधाएं **76**
- 5.1 छात्र संख्या 76
  - 5.1.1 कुल छात्र संख्या 76
  - 5.1.2 नए नामांकन 76
  - 5.1.3 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग की छात्र संख्या 76
  - 5.1.4 प्रतिवेदन वर्ष में विभिन्न विभागों में शोधार्थियों की संख्या 84
- 5.2 परीक्षा परिणाम, विभूषित उपाधि एवं पत्रोपाधि 84
  - 5.2.1 परिणाम 84
  - 5.2.2 विभूषित उपाधि/पत्रोपाधि 84
  - 5.2.3 विभूषित पी–एच.डी. 85

5.3. विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं 90
5.3.1 अधिष्ठाता, छात्र कल्याण 90
5.3.2 कुलानुशासक मंडल 95
5.3.3. अध्येतावृत्तियां 95
5.3.4 समान अवसर प्रकोष्ठ 96
5.3.5 आवासीय सुविधाएं 96
5.3.6 व्यायामशाला 98
5.3.7 प्रशिक्षण एवं संस्थापन प्रकोष्ठ 98

6. सामान्य सुविधाएं 100
6.1. आवासीय सुविधाएं 100
6.2. सम्मेलन कक्ष एवं प्रेक्षागृह 100
6.3 केन्द्रीय ग्रंथालय 101
6.4. कैफेटेरिया 102
6.5. केन्द्रीय सुरक्षा अनुभाग 102
6.6 स्वास्थ्य केन्द्र 102
6.7 सूचना, संचार तकनीकी एवं अभिकलन सुविधाएं 103
6.8 आंतरिक गुणवत्ता एवं मूल्यांकन प्रकोष्ठ 103
6.9 मीडिया प्रकोष्ठ 103
6.10 राजभाषा प्रकोष्ठ 104
6.11. डाकघर एवं बैंक 104
6.12. सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ (आरटीआई) 104
6.13 खेलकूद सुविधाएं 104
6.14. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ 105
6.15. एस.टी.डी. /पी.सी.ओ./फोटोकापी कार्नर 105
6.16. यातायात सुविधाएं 105
6.17. उपकरणों के रख–रखाव से संबंधित सुविधाएं 105
6.18. एकीकृत विश्वविद्यालय प्रबंध तंत्र (आई.यू.एम.एस.) 105
6.19. विश्वविद्यालय मुद्रणालय 106

परिशिष्ट - 1

विश्वविद्यालय के सांविधिक निकाय 108
(अ) विश्वविद्यालय का कोर्ट 108
(ब) कार्यपरिषद् 111
(स) विद्यापरिषद् 112
(द) वित्त समिति 117
(इ) भवन समिति 117

परिशिष्ट- 2

विश्वविद्यालय के अधिकारीगण 119
अ. अध्ययनशाला के अधिष्ठाता (01.04.2013 से 31.03.2014 तक) 119
ब. विश्वविद्यालय के अधिकारी 119
स. विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी 119

परिशिष्ट - 3

विश्वविद्यालय के शिक्षकगण (31.03.2014 की स्थिति में) 120
1. कला अध्ययनशाला 120
2. प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी अध्ययनशाला 121
3. विधि अध्ययनशाला 124
4. जीव विज्ञान अध्ययनशाला 124
5. प्रबंध एवं वाणिज्य अध्ययनशाला 126
6. गणितीय एवं अभिकलन विज्ञान अध्ययनशाला 127
7. प्राकृतिक संसाधन अध्ययनशाला 128
8. भौतिकी विज्ञान अध्ययनशाला 130
9. समाज विज्ञान अध्ययनशाला 131

परिशिष्ट - 4

विश्वविद्यालय शिक्षकों का अकादमिक योगदान 134
(अ) प्रकाशन 134
(ब) राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं में सहभागिता 136
(स) शोध परियोजनाएँ: 137

भाग - 1
प्रस्तावना

1. प्रस्तावना

1.1 विश्वविद्यालयः एक दृष्टि

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, सन् 1983 में स्थापित आवासीय विश्वविद्यालय है। 16वीं सदी के महान् सतनामी संत गुरू घासीदास के नाम पर स्थापित इस विश्वविद्यालय का उन्नयन, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में, ग्यारहवी पंचवर्षीय योजना के दौरान केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 के अंतर्गत हुआ। यह विश्वविद्यालय इण्डियन यूनिवर्सिटीज एसोसिएशन और कॉमनवेल्थ यूनिवर्सिटीज एसोसिएशन का सक्रिय सदस्य है। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा बी 'ठ' मान्यता प्राप्त है।

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय नगर के बाहय हिस्से में अवस्थित है। बिलासपुर बहु–संस्कृतियों वाला नगर है जो न्यायधानी तथा संस्कारधानी के नाम से लोकप्रिय है। यहॉ दक्षिण–पूर्व–मध्य रेल्वे और दक्षिण–पूर्व कोलफील्ड लिमिटेड के मुख्यालय हैं। विश्वविद्यालय का आरंभ कुछ विभागों के साथ, बिलासपुर नगर के अस्थायी भवनों में, बहुत सामान्य–सी स्थितियों में हुआ। तदुपरांत, यह कोनी क्षेत्र में स्थित द्वितीय विश्व युद्ध के आर्मी बैरकों में स्थानांतरित हुआ जो कि अरपा नदी के बायीं ओर स्थित है। विश्वविद्यालय परिसर 656 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है। परिसर प्राकृतिक रूप से हरा–भरा, जलस्रोतों एवं अछूती हरियाली के कारण अतुलनीय सौंदर्यशाली है।

विश्वविद्यालय युवा प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करता है और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को सरलतापूर्वक कौशल संपन्न करने के साथ–साथ ज्ञान की विभिन्न शाखाओं के माध्यम से चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण पर जोर देता है। विश्वविद्यालय में प्रौद्योगिकी संस्थान सन्निहित है। 32 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग हैं। यहॉ कई स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के साथ–साथ डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम प्रस्तावित करता है। इन सभी कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय अखिल भारतीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। प्रौद्योगिकी संस्थान एवं प्रबंध अध्ययन विभाग में प्रवेश क्रमशः ऑल इंडिया इंजीनियरिंग इंट्रेंस एक्जामिनेशन (एआईईईई) और मैनेजमेंट एप्टीट्यूड टेस्ट (मैट) के माध्यम से होता है। शैक्षणिक सत्र 2013–14 के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों में 5958 विद्यार्थी पंजीकृत हुए।

छत्तीसगढ़ लंबे समय से पिछड़ा क्षेत्र रहा है। वर्तमान में यह देश के सर्वाधिक तेजी से विकास कर रहे राज्यों में से है। इस राज्य को बड़ी संख्या में कौशल संपन्न श्रमशक्ति की आवश्यकता है। इस क्षेत्र के लोग गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं प्रशिक्षण के माध्यम से इस अवसर का लाभ बेहतर ढ़ंग से प्राप्त कर सकते हैं। विश्वविद्यालय वर्तमान में वैश्विक मानकों के अनुरूप, शिक्षण एवं सीखने की प्रक्रिया को, बनाने के लिए कृत संकल्प है। विश्वविद्यालय शिक्षण की गुणवत्ता वृद्धि हेतु, राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त, नए शिक्षक सदस्यों की नियुक्ति कर रहा है। विश्वविद्यालय विद्यार्थी –शिक्षक अनुपात को आदर्श स्थिति में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्ययन कक्षों को अच्छे फर्नीचर, वातानुकूलन तथा एल सी डी प्राजेक्टर जैसी सुविधाओं से आधुनिकीकृत किया गया है। विद्यार्थियों का सतत् मूल्यांकन, आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा, एसाइनमेंट और सेमेस्टर परीक्षा के माध्यम से किया जाता है। आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में पारदर्शिता हेतु कक्षाओं में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाओं को दिखाया जाता है एवं विद्यार्थियों के प्रदर्शन में सुधार हेतु उनकी सहायता की जाती है। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की क्षमता की अभिवृद्धि के लिए समुचित सुविधा उपलब्ध कराता है जिसमें छात्रावास, कैफेटेरिया, व्यायामशाला, एमीनिटी सेंटर, वाई–फाई आदि हैं। विश्वविद्यालय विभिन्न उपचारात्मक कक्षाओं, स्पोकेन इंग्लिश, व्यक्तित्व विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण के माध्यम से परामपरागत रूप से पिछड़े अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु सौहार्द्रपूर्ण एवं उपयुक्त वातावरण के लिए आवश्यक कदम उठाए गये हैं। केन्द्रीय ग्रंथालय में एक लाख से अधिक पुस्तकों के संस्करण उपलब्ध हैं और अनेक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं की खरीदी की गयी है। केन्द्रीय ग्रंथालय के अतिरिक्त ज्यादातर विभागों के पास अपना पुस्तकालय है। परिसर एवं छात्रावास में बेहतरीन खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय की योजना एक नये स्टेडियम, तरणताल और टेनिस कोर्ट के निर्माण के द्वारा खेलकूद सुविधाओं में वृद्धि की है। परिसर को जीवन्त रखने के लिए वर्ष पर्यन्त गतिविधियॉ आयोजित की गयी

जिसमें गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, विश्वविद्यालय स्थापना दिवस, शिक्षा दिवस, विवेकानंद जयंती, शिक्षक दिवस, गुरू घासीदास जयंती आदि प्रमुख हैं। विश्वविद्यालय में खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ–साथ विद्यार्थियों को सामाजिक –सामुदायिक भागीदारी हेतु भी प्रोत्साहित किया गया। इन गतिविधियों के द्वारा विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगी संस्कृति के अभ्यस्त होते हैं। समय–समय पर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण व्यक्तियों के विभिन्न जीवाननुभवों संबंधी नए विचार प्राप्त होते हैं। विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों द्वारा विद्यार्थियों के प्रयोगिक ज्ञान के लिए फील्ड वर्क, औद्योगिक इकाइयों की यात्रा एवं शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जाता है। विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु विश्वविद्यालय ने छात्र परिषद् का गठन सफलतापूर्वक किया। छात्र परिषद् विश्वविद्यालय के सभी छात्रों का प्रतिनिधित्व करता है और निर्णयगत प्रक्रियाओं में विद्यार्थियों के स्वर के रूप में काम करता है।

विकासगत प्रक्रियाओं की चुनौतियों का सामना करने के लिए विश्वविद्यालय समुदाय गुणवत्तायुक्त शोध एवं विकास के विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से बेहतर सामाजिक योगदान के लिए तत्पर है, जिसमें ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा, जैव विविधता प्रबंधन, प्रदूषण नियंत्रण, वन्य प्रबंधन और विकासगत नीतियां प्रमुख हैं। शिक्षकों की अभिवृद्धि के लिए एकेडमिक स्टॉफ कॉलेज नियमित ढ़ंग से उन्मुखीकरण एवं पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का आयोजन करता है। इन पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की सहायता ली जाती है।

यह विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में राज्य–विश्वविद्यालय के लिए आदर्श प्रस्तुत करने हेतु सकारात्मक रूप से क्रियाशील है तथा इस क्षेत्र के क्षमतावान विद्यार्थियों के विकास हेतु शैक्षिक अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय ज्ञान आयोग के दो महत्वपूर्ण उद्देश्यों ''उच्च शिक्षा को ज्ञान–समाज की आवश्यकताओं एवं अवसरों के अनुरूप प्रासंगिक बनाना'' तथा ''उच्च शिक्षा को समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सर्वग्राह्य बनाना'' की ओर विश्वविद्यालय सतत् अग्रसर है।

1.2 पेलेट्रान त्वरक सुविधा

(राष्ट्रीय त्वरक आधारित शोध केन्द्र)

पेलेट्रान आधारित त्वरक केन्द्र के निकट भविष्य में शुरू होने से उन्नत शोध की दिशा में एक नया आयाम जुड़ जायेगा व यह शोध के लिए मील का पत्थर साबित होगा। त्वरक मशीन को स्थापित किया जा चुका है और इसका बीम परीक्षण कर लोकार्पण आगामी कुछ महीनों में हो जायेगा। यह तीन मेगा बोल्ट का एक डी.सी. त्वरक है, जो टेंडम पद्धति में कार्य करके आयन बीम की ऊर्जा को प्रदायित विभव से दुगुना त्वरित करता है। यह पूर्ण सुविधा त्वरक आधारित राष्ट्रीय शोध का भाग है जिसे विश्वविद्यालय परिसर में परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली तथा अंतर विश्वविद्यालयीन त्वरक के वित्तीय सहयोग एवं भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र, कोलकाता आदि के तकनीकी सहयोग से स्थापित किया जा रहा है। देश में अपनी तरह का द्वितीय एवं समस्त विश्वविद्यालयों में प्रथम, इस त्वरक केन्द्र की अपनी कुछ खास विशेषताएं हैं।



संक्षिप्त परिचय

त्वरक एक जटिल मशीन है जो विद्युत आवेश युक्त कणों का वेग बढ़ाता है। पेलेट्रान मशीन कणों के वेग को प्रकाश के वेग का 1/6 भाग तक बढ़ा सकता है। त्वरक मशीन का केन्द्रीय भाग एक पेलेट्रान टैंक है जहां अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग 3 मिलियन वोल्ट स्थित विद्युत विभवांतर पैदा किया जाता है। पूरी त्वरक प्रणाली को उच्च निर्वात (10–7 मिली पारे के दबाव पर) पर रखा गया है। त्वरक 6 मिलियन इलेक्ट्रान वोल्ट ऊर्जा का प्रोटान त्वरित करने में सक्षम है और वस्तुतः आवर्त सारिणी के अधिकाधिक तत्वों से आयन बीम प्रदाय कर सकता है। किसी तत्व के आयन को त्वरण प्रदान करने की शर्त यह है कि उस तत्व के स्थायी ऋणात्मक आयन पैदा होते हों। उच्च दबाव टैंक के बाहर की दिशा में ऋणात्मक आयन स्रोत स्थित है। ऋणावेशित आयन बीम दो आयन स्रोतों (स्निक्स–।।/टोरविस) में से किसी से भी पैदा होते हैं। इंजेक्टर सिस्टम पैदा हुये आयन बीम में से एक विशेष आयन बीम का चयन कर इसे पेलेट्रान त्वरक टैंक की दिशा में निर्देशित करता है, इसमें विद्युत स्थैतिक विश्लेषण, वक्रीय चुंबक एवं उन्नत दिशा निर्देशक तंत्र शामिल है। आयन बीम त्वरक नलिका से होकर लगातार त्वरण ऊर्जा प्राप्त करते हुए आवेशित टर्मिनल की तरफ बढ़ती है जहां पर अधिकतम 3 मेगा वोल्ट विभव रहता है। टर्मिनल से गुजरते समय आयन बीम एक अपसारक (स्ट्रीपर) गैस के संपर्क में आकर इलेक्ट्रांस को निकाल देती है जिससे ऋणात्मक आयन धनात्मक आयन में परिवर्तित हो जाते हैं जिसके फलस्वरूप टर्मिनल विभव इसको पुनः त्वरित कर इसकी त्वरक नलिका में भेज देता है जहां दूसरी बार आवश्यक त्वरण ऊर्जा प्राप्त कर आयन बीम को विश्लेषक लाइन

में प्रवेशित कराया जाता है जो इसे लक्ष्य स्टेशन तक पहुंचाती है। वर्तमान में बीम हाल में दो बीम लाईन्स स्थापित की गयी है। इस अंतर विषयक केन्द्र में अभी तक दो लक्ष्य स्टेशन स्थापित कर उनमें निर्वात का परीक्षण कर लिया गया है तथा बीम प्रवेशित कराने हेतु तैयार है। उच्च ऊर्जा वाले प्रतिरोपण बीम लाईन में अत्यधिक तीव्रता के धनात्मक आयन बीम को विभिन्न प्रकार के लक्ष्यों पर डाला जायेगा। आयन बीम की क्षमता 10–14 कण/सेकेण्ड तक हो सकती है यह आयन की प्रकार व उसके आवेष पर निर्भर करेगा। दूसरी बीम लाईन आयन बीम विश्लेषण तकनीक के लिए समर्पित है जिसमें रदरफोर्ड पश्च विकीर्णन (आर.बी.एस.) अग्रगामी संघट्य स्पेक्ट्रोस्कोपी (एफ.आर.एस.) नाभिकीय अभिक्रिया विश्लेषण (एन.आर.ए.), चैनलिंग एवं कण प्रेरित एक्सरे उत्सर्जन पिक्सी तकनीकें शामिल हैं। केन्द्र में पदार्थ विज्ञान, नैनो तकनीक, पर्यावरण विज्ञान, पालिमर रसायन, पदार्थ रसायन, जैव विविधता के संरक्षण, जीव विज्ञान, रेडियो बायोलाजी, बायो तकनीक, फार्मास्यूटिकल्स, मालिक्यूलर बायोलाजी, वानिकी, कृषि आदि क्षेत्रों के परास्नातक एवं शोध छात्रों को भी प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगा एवं गुरू घासीदास विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध हेतु अत्याधुनिक शोध सुविधाएं प्रदान करेगा।

भवन

त्वरक केन्द्र का भवन अनेक चुनौतियों के बावजूद निर्धारित अवधि में तैयार हो गया। भवन निर्माण संरचना में त्वरक संचालन व इसके उपयोग से जुड़े विभिन्न सुविधाओं के साथ–साथ सुरक्षा के पहलुओं का विशेष ध्यान रखा गया है। परमाणु ऊर्जा नियामक आयोग के विकिरण सुरक्षा मानकों के अनुसार अनुमति प्राप्त कर कंक्रीट की एक मीटर मोटी दीवाल का निर्माण किया गया है। बीम हाल अंदर से 33.20 मीटर लंबा, 14.20 मीटर चौडा एवं 7.60 मीटर ऊंचा है। इसके छत की मोटाई 0.75 मीटर है। त्वरक केन्द्र हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं व आधारभूत संरचनाएं पूरी कर ली गई है।

पेलेट्रान तंत्र का आगमन

निर्माताओं (एन.ई.सी.) द्वारा पोतारूढ़ पेलेट्रान त्वरक कोलकाता हवाई अड्डे पर उतारा गया। सड़क मार्ग से तीन बड़े ट्रकों के द्वारा पांच दिनों में ये संयंत्र सितम्बर 2013 में विश्वविद्यालय परिसर में लाए गए। संयंत्रों के वाहन एवं उतार चढ़ाव के लिए विशेष योजनाएं एवं सावधानियां बरती गई थी।

पेलेट्रान टैंक

पेलेट्रान विशेष रूप से निर्मित एक उच्च दबाव के टैंक में स्थापित है। टैंक की लम्बाई 5.7 मीटर एवं व्यास 1.83 मीटर है। टैंक का आयतन 14.9 घन मीटर है। त्वरक एवं सीसे के शील्डिंग परत समेत टैंक का कुल वजन 12.7 टन है। उच्च विभव पर परिचालन के समय टैंक के अंदर सल्फर हेक्सा फ्लोराइड गैस 100 पीसिंग के दबाव पर जिसकी मात्रा 620 किलोग्राम होती है, अतिरिक्त रूप से भरी जाती है। टैंक के अंदर त्वरण नलिका, टर्मिनल अपसारक (स्ट्रीपर) नलिका, जेनेरेटिंग वोल्टेज मीटर (जी.व्ही.एम.) कोरोना प्रोब एस.एफ. 6 गैस, पुनः संचरण तंत्र रखे गए है। अपने वृहद आकार एवं भार के कारण टैंक को बीम हाल के अंदर क्रेन व अन्य विशेष उपकरणों की मदद से सफलता पूर्वक स्थापित किया गया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जिसे एक लम्बी चलने वाली प्रक्रिया के तहत अत्यन्त योजनाबद्व तरीकों एवं सावधानियों की आवश्यकता थी।

एस.एफ.6 गैस का स्थानांतरण एवं भंडारण पेलेट्रान टैंक की सेवा लिए जाने की शुरूआत में आवश्यक होता है और बहुमूल्य एस.एफ.6 गैस का भंडारण और अस्थायी रूप से करना होता है और इस प्रकार एक भंडारण टैंक बीम हाल में रखा जाता है, पेलेट्रान एक पुर्नप्रसरण तंत्र से संयोजित होता है, जो उच्च वैद्युत प्रतिरोधक कार्य निष्पादन हेतु गैस को आवश्यकता अनुसार शीतल, गर्म एवं परिशोधित करता है।

आयन स्रोत

1. सीजियम स्पटरिंग के द्वारा उत्पन्न ऋणायन स्रोत निर्वात परीक्षित एवं स्थापित दूसरी पीढ़ी का ऋणायन स्रोत है, जो कि अद्यतन रूप से परिवर्धित एवं विकसित है।
   संयंत्र संचालन के आधार सिद्धांत निम्नलिखित हैः– सीजियम भट्‌टी में से सीजियम वाष्प ठण्डे कैथोड एवं उष्ण आयनीकृत सतह के बीच संलग्न क्षेत्र में आता है। कुछ आयन कैथोड के समक्ष संघनित हो जाते है, और कुछ सीजियम गर्म आयन कारक सतह

   द्वारा आयनीकृत हो जाते हैं। आयनीकृत सीजियम का त्वरण संघनित कैथोड के स्तर से होते हुए कैथोड की ओर होता है। कुछ पदार्थ अधिमान्य ढंग से ऋणायन निकाल देते है। अन्य पदार्थ सामान्य तौर पर अक्रियात्मक या धनात्मक आयन निकालते हैं, जो कि ऋणात्मक आयन उत्पन्न करते संघनित सीजीयम आयन के पास के पास पहुंचते ही इलेक्ट्रान को अपने साथ ले लेते हैं।
2. टी.ओ.आर.ओ.आई.डी.ए.एल. वाल्यूम – आयन स्रोत (टी.ओ.आर.व्ही.आई.एस.) स्पंदित वाल्यूम आयन स्रोत का डी.सी.रूप में। संक्रांति क्षेत्र के योग में यह सम्पूर्ण प्लाज्मा चैंबर को घेर लेता है। यह स्रोत एक कोणीय चुंबकीय परिशोधन क्षेत्र का निगमन करता है और मन्द इलेक्ट्रानों के हाइड्रोजन अणु से मिलान के लिए बेहतर स्थिति उत्पन्न करता है। टी.ओ.आर.व्ही.आई.एस. स्थायी होता

है एवं हाइड्रोजन एवं हीलियम के लिए उच्च वैद्युत धारा उत्पन्न करने के लिए अच्छे से काम करता है। स्थापित टी.ओ.आर.व्ही. आई.एस. हाइड्रोजन एवं हीलियम किरणों के लिए आयन स्रोत बना होता है। एक्ट्रैक्शन लेंस सिस्टम और रबीडियम चार्ज अपना प्रकोष्ठ बदलते हैं। यह आयन स्रोत 50 माइक्रो एम्पीयर आयन स्रोत की आपूर्ति कर सकता है और इस प्रकार देश में एक ठोस न्यूट्रॉन उत्सर्जन सुविधा स्थापित करने की संभावना प्रदान करता है। जैसा कि पूर्व में वर्णित है आयन स्रोत की स्थापना बीम हाल में की जा चुकी है एवं प्रारंभिक परीक्षण जैसे निर्वात परीक्षण किया जा चुका है। शीघ्र ही परफारमेंस परीक्षण प्रारंभ किया जायेगा । आयन स्रोत का परफारमेंस परीक्षण वेंडर साईट पर किए गए है, जिसके परिणाम उत्साहजनक रहे, जो कि नीचे प्रदर्शित है:–

इंजेक्शन सिस्टम

आयन स्रोत के ठीक बाद एक अंतः क्षेपण प्रणाली लगाई गई है, जो आयन स्रोत में पैदा हुए ऋणात्मक आयनों को एक्सट्रैक्टर की मदद से निकालकर बीम लाईन में प्रेषित करती है, जहां पर आयनों को दिशा निर्देशन हेतु विभिन्न उपकरण यथा स्थैतिक विद्युत दिशा निर्देशकों एवं ऐंजिल लेंसों की मदद से आयन बीम के रूप में बीम लाईन में परिवहन किया जाता है। आयन बीम के स्वरूप को देखने के लिए एवं इसके क्षैतिज एवं उर्ध्वाधर स्वरूप को ठीक करने के लिए बीम प्रोफाईल मानिटर उपलब्ध है। इसी प्रकार आयन बीम की धारा के मापन हेतु फैराडे कप को बीम में लगा दिया जाता है निर्धारित उर्जा एवं आवेश के आयन बीम को निर्धारित मैगनेट के द्वारा अलग – अलग कोणो पर मोड़ा जाता है जिससे एक समय में एक ही उर्जा व आवेश के बीम उपलब्ध हो सके।

उच्च उर्जा लाईन

त्वरक से निकलने वाले धनात्मक आयन बीम को तीन टन के स्विचिंग मैगनेट की सहायता से उच्च उर्जा लाईन की उपलब्ध दो बीम लाईन्स में से किसी एक में प्रवेशित कराया जाता है। इन दोनों बीम लाइनों में उन्नत तकनीक के उपकरण उपलब्ध है, जिनकी मदद से लक्ष्य तक अधिकतम उर्जा एवं अपेक्षित बीम के स्वरूप को बनाये रखते हुए आयन बीम को पहुंचाया जाता है।

प्रयोग हेतु स्टेशन

vk;u che fo'y"k.k

यह एक सामान्य कार्य हेतु उच्च उर्जा की बीम लाईन है, जिसमें विकीर्णन संबंधी प्रयोगों हेतु आवश्यक घटक एवं आयन बीम को सुगमतापूर्वक विश्लेषण/स्विचिंग मैंगनेट नेट से लक्ष्य तक ले जाने के लिए दिशा निर्देश उपलब्ध है। स्विचिंग मैग्नेट से लक्ष्य की दूरी 2 मीटर की है। इस बीच में एकल स्लिट बाक्स, बीम प्रोफाईल मानिटर व फैराडे कप इस कार्य में सहायता करता है। फैराडे कप सीधे नियंत्रण कक्ष से निर्देशित किया जाता है।

p|ufy|x

इस तकनीक से विश्लेषण हेतु न्यूनतम डायवर्जन की आयन बीम की आवश्यकता होती है, जिसके लिए आयन बीम को परिवहन हेतु उपरोक्त वर्णित उपकरणों के अलावा एक डबल स्लिट की भी व्यवस्था है। इस स्लिट्स की स्थिति क्षैतिज व उर्ध्वगामी है व 1 मिमी के आकार की यह स्लिप एक मीटर के अंतर पर लगायी गई है। जिससे आयन बीम की अधिकतम फैलाव का आधा कोण 0.5 मिली रेडियन तक रहता है।

नियंत्रण प्रणाली

नियंत्रण कक्ष में स्थित कम्प्यूटर आधारित नियंत्रण प्रणाली रदरफोर्ड पश्चगामी विकीर्णन के विश्लेषण एवं आरसी –43 एवं स्टेशन में लक्ष्य की स्थित व उपलब्ध डाटा को एकत्रित करता है तथा प्रयोग के दौरान एकत्रित डाटा का विश्लेषण करता है।

टारगेट चैंबर

एल्यूमीनियम की 2 इंच मोटी सीट से बना विकीर्णन चैंबर जिसका व्यास 17 इंच उंचाई 8 इंच है, आयन बीम विश्लेषण के प्रयोगो हेतु लगाये जाने वाले टारगेट मैन्युपुलेटर, सालिड स्टेट पार्टिकल डिटेक्टर, बीम कोली मेटर व टर्बो मालिक्यूलर पम्प हेतु स्थिर आधार प्रदान करता है। इसके ऊपरी ढक्कन में विशेष प्रकार का ताला 5 मिनट के अन्दर प्रयोगों के दौरान टारगेट परिवर्तन किए बिना, निर्वात को कम किये बिना, कर देता है। उक्त चैम्बर में 50 मिमी वर्गफल का सिलीकान आधारित सरफेस बैरियर डिटेक्टर, प्रीएम्लीफायर, एम्पलीफायर एवं उच्च विभव वाली विद्युत आपूर्ति लगायी गई है। साथ ही एक अतिरिक्त चल संसूचक भी उपलब्ध है।

आकड़ों का विश्लेषण

उक्त चैंबर से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण एवं आकड़ों का एकत्रीकरण आर–43 साफ्टवेयर द्वारा किया जाता है जिसमें मात्रात्मक विश्लेषण का प्रावधान है। इसमें पिक्सी आधारित विश्लेषण प्रणाली भी शामिल है। इसके अन्तर्गत एक 30 मिमी वर्ग का सिलीकान लीथियम डिटेक्टर जिसकी ऊर्जा क्षमता 160 इलेक्ट्रान वोल्ट है। इसके साथ प्रीएम्पलीफायर एक्सपेक्ट्रोस्कोपी, एम्पलीफायर, पावर सप्लाई, निम बिन, संवाहक तार व एक्स रे फिल्टर होल्डर भी लगाए गए हैं। नियंत्रण कम्प्यूटर प्रणाली (आर.सी.43) में एल.एम.लाईन के साथ एम.सी.ए. के बोर्ड से नियंत्रित करता है। यह प्रणाली 1 साथ रदरफोर्ड पश्चगामी विकीर्णन व फोटान उत्प्रेरित एक्स–रे उत्सर्जन के आकड़ो को एक साथ एकत्रित कर उनके मात्रात्मक विश्लेषण करने में सक्षम है।

आयन प्रतिरोपण हेतु बीम लाईन

आयन प्रतिरोपण बीम लाईन रेस्टर स्कैनिंग के द्वारा आयन बीम के स्कैनिंग की सुविधा से युक्त है, जिसके द्वारा एक बड़े क्षेत्रफल पर समान रूप से आयन बीम को डाल सकता है। बीम की क्षमता के हिसाब से उर्जा व आवेश के अनुपात एम.ई.वी./आवेश के छः अनुपात पर यह क्षेत्रफल 150 ग 150 मिली मीटर तक हो सकता है। इस हेतु एक उन्नत तकनीक का रेस्टर स्कैनर व स्थित विद्युतीय

प्लेट लगायी गयी है। उपरोक्त वर्णित विवरण के अनुसार यह प्रतिरोपण स्टेशन अत्याधुनिक प्रयोग हेतु निर्वात में परीक्षित कर लिया गया है।

नियंत्रण प्रणाली

पेलेट्रान त्वरक नियंत्रण प्रणाली नियंत्रण कक्ष सें मशीन के विभिन्न घटकों का संचालन करने, उनके मापन एवं प्रणाली के सुचारू संचालन के विषय में फीडबैक प्रदान करती है। नियंत्रण एवं मापन का कार्य विभिन्न घटकों हेतु निर्धारित मानक

समुच्चय के आधार पर होता है, जिनका निर्धारण विभिन्न प्रकार के काम्बीनेशन में किया जा सकता है और यह मशीन के अपेक्षित उपयोग पर निर्भर करता है। नियंत्रण प्रणाली एक्सेलनेट साफ्टवेयर से संचालित है, जो सभी कार्यो का नियंत्रण करती है। नियंत्रण प्रणाली व त्वरक मशीनों के घटकों के बीच संचार मानक नेटवर्क संचार प्रणाली यथा – ईथरनेट, सीरियल लिंक व कुछ प्रोप्राइटरी बसेस के द्वारा होता है। फाईबर आप्टिक द्वारा टेलीमेट्री प्रणाली का उपयोग त्वकर मशीन के अन्दर, जहां पर किलो वोल्ट से मेगा वोल्ट का विभव होता है, को संकेत प्रदान करने हेतु किया जाता है, ताकि सिग्नल को उच्च विभव से पूरी तरह से पृथक किया जा सके। पेलेट्रान त्वरक मशीन को विद्युत आपूर्ति हेतु एसीपीसी पॉवर केन्द्र दिया गया है, जिसमें मुख्य ब्रेकर अनेक पृथक–पृथक घटकों हेतु छोटे सर्किट ब्रेकर मोटर स्टार्टर्स व 120 वीएसी का ट्रांसफार्मर लगभग सभी विद्युतीय उपकेन्द्र जो कि त्वरक मशीन के विभिन्न अवयवों को विद्युत प्रदान करते हैं, एसीपीसी के द्वारा प्रदाय होता है।

सेवाएं

बीम हॉल हेतु वायु प्रबंधन इकाई स्थापित की गई है। बीम हाल एवं त्वरक केन्द्र में वायु प्रवाह अनुकूलन इस प्रकार से संयोजित किया गया है, ताकि वायु में रेडियोधर्मिता न होने पाये। विकिरण सिल्डिंग व वायु प्रवाह की आवश्यकताएं निर्धारित करते समय बीम हाल के अन्दर न्यूट्रान्स के उत्पादन होने के आधार पर तय की गई है। उक्त वायु प्रवाह प्रणाली इस प्रकार से नियंत्रित है ताकि प्रति घण्टे एक बार शुद्ध वायु बीम हाल में पहुंचे। इसमें एक केन्द्रीय वातानुकुलित प्रणाली लगाई गई है जो बीम हाल के तापमान को 24 डिग्री सेंटीग्रेट पर नियंत्रित रखती है। पेलेट्रान त्वरक टेंक, आयन स्रोत लक्षित स्टेशन व इनसे जुड़ी बीम लाईन्स दाब आधारित प्रणाली से काम करते हैं। इनमें फैराडे कप व निर्वात हेतु लगाये गये गेट वाल्व, वायु दबाव प्रणाली से संचालित होते हैं। वायु दबाव प्रणाली को स्थापित कर फरवरी 2014 में परीक्षण किया गया है। यह सफलतापूर्वक कार्य कर रही है व निर्धारित 6 बार का दबाव पैदा कर रही है।

विद्युत प्रणाली

विद्युत ऊर्जा प्रदाय हेतु विस्तृत प्रबंधन लागू किये गये हैं। प्रणाली का संचालन इस प्रकार किया गया है कि 315 केवीए के ट्रान्सफार्मर से आने वाली विद्युत 100 केवीए यूपीएस से होकर अस्थाई विभव की विद्युत ऊर्जा त्वरक मशीन के विभिन्न घटकों को उनके लोड के आधार पर विभाजित की गई है। डीजल जनरेटर पर आधारित वैकल्पिक विद्युत व्यवस्था भी स्थापित की गई है ताकि त्वरक मशीन में चलने वाले प्रयोगों के बीच व्यवधान उत्पन्न न हो। आशा है कि उक्त वैकल्पिक व्यवस्था से प्रयोगकर्मी अपना कार्य सुगमता से कर सकेंगे। विद्युत प्रणाली कार्य कर रही है एवं इसमें आवश्यक परिवर्तन परीक्षण के दौरान किए जा रहे हैं ताकि पूरी प्रणाली निर्वाध रूप से कार्य करे।

सुरक्षा

हालाकि इस त्वरक केन्द्र में उत्पन्न होने वाले विकिरण का स्तर किसी भी तरह के मानक स्तर से हमेशा कम होगा, क्योंकि विकिरण सुरक्षा हेतु बीम हाल के दीवारों की मोटाई आवश्यकता से अधिक रखी गई है। इसके बावजूद विकिरण स्तर को लगातार मापन हेतु विभिन्न स्थलों पर विकिरण मापक यंत्र लगाये गये हैं। अनेक एक्सरे व न्यूट्रान मॉनिटर स्थापित किये गये हैं। पूरी व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि त्वकर केन्द्र में पूरी तरह से विकिरण सुरक्षा सुनिश्चित हो। त्वरक केन्द्र में कार्यरत व्यक्तियों हेतु थर्मोल्युमिनिसेंसेस बैचेज प्राप्त किये गये हैं। विकिरण सुरक्षा के अनुरूप इंटरलॉकिंग प्रणाली जो कि किसी भी सुरक्षा के खतरे की स्थिति में त्वरक मशीन को बंद कर देगी, लगाई जा रही है और इसका कार्य प्रगति पर है।

वर्तमान स्थिति

प्रतिवेदन अवधि के दौरान परमाणु ऊर्जा नियामक आयोग, भारत सरकार से स्थल एवं निर्माण की अनुमति एवं जिलाधिकारी बिलासपुर से लोकल क्लियरेंस प्राप्त हो गया है। एसएफ–6 टेंक की अनुमति भी महानिदेशक विस्फोटक, नागपुर, भारत सरकार से प्राप्त हो गई है।

सबसिस्टम	आब्टेन्ड वेल्यु एन एमएमएस ऑफ मर्करी
आयन सोर्स	1.0 x 10-7
इन्जेक्शन लाईन	1.3 x 10-7
पेलेट्रॉन टैंक	4 x 10-7
हाई एनर्जी बीम लाईन	2 x 10-6

इसके पूर्व कि आयन बीम परीक्षण शुरू किया जा सके, पूरे त्वरक प्रणाली में निर्धारित निर्वात प्राप्त करना आवश्यक है। उक्त निर्वात प्रणाली स्थापित कर इसका परीक्षण किया गया है। विभिन्न उप तंत्रों में उपलब्ध निर्वात की स्थिति निम्नवत है:–

1.3 शैक्षणिक पाठ्यक्रम

प्रतिवेदन वर्ष में विश्वविद्यालय शिक्षण विभागों में विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो इस प्रकार हैं –

1.3.1 विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग

संकाय/ अध्ययनशाला	विभाग	पाठ्यक्रम	सीटों की संख्या	अवधि (वर्ष में)
कला	आंग्ल एवं विदेशी भाषा विभाग	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		स्नातकोत्तर	60	2
		डिप्लोमा इन फ्रेंच लैग्वेज	25	1
		डिप्लोमा इन जर्मन लैग्वेज	25	1
		पी–एच.डी.	'	4
	हिन्दी	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		स्नातकोत्तर	60	2
		पी–एच.डी.	'	5
	पत्रकारिता एवं जनसंचार	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		पत्रकारिता एवं जनसंचार में स्नातकोत्तर (एम.एम.सी.जे.)	30	2
		पी–एच.डी.	'	4
	पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (बी.लिब.)	60	1
		पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातकोत्तर (एम.लिब.)	50	1
		पी–एच.डी.	'	4
	शारीरिक शिक्षा एवं खेलकूद	बी.पी.एड	50	1
		एम.पी.एड.	40	2
		पी–एच.डी.	'	16
अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी	रासायनिक अभियांत्रिकी	बी.टेक	60	4
		एम.टेक.	18	2
		पी–एच.डी.	'	
	सिविल अभियांत्रिकी	बी.टेक	40	4
		पी–एच.डी.	'	
	संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी	बी.टेक	60	

संकाय/ अध्ययनशाला	विभाग	पाठ्यक्रम	सीटों की संख्या	अवधि (वर्ष में)
		पी–एच.डी.	'	
	इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड संचार अभियांत्रिकी	बी.टेक	60	4
		पी–एच.डी.	'	
	औद्योगिक एवं उत्पादन अभियांत्रिकी	बी.टेक	60	4
		पी–एच.डी.	'	
	सूचना अभियांत्रिकी	बी.टेक	60	4
	यांत्रिकी अभियांत्रिकी	बी.टेक	60	4
		एम.टेक	18	2
जीव विज्ञान	मानव विज्ञान एवं आदिवासी विकास	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	60	5
		एम.ए. / एम.एस.सी.	40	2
		एकीकृत एम.फिल. / पी–एच.डी.	'	
		पी–एच.डी.	'	4
	जैव प्रौद्योगिकी	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	60	5
		परास्नातक	60	2
		पी–एच.डी.	'	4
	वनस्पतिशास्त्र	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	60	5
		स्नातकोत्तर	40	2
		पी–एच.डी.	'	4
	प्राणिविज्ञान	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	60	5
		परास्नातक	40	2
		पी–एच.डी.	07	4
	न्यायालयिक विज्ञान	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	30	5
		परास्नातक	20	2
प्रबंध एवं वाणिज्य	वाणिज्य	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	500	5
		परास्नातक (एम.कॉम.)	75	2
		पी–एच.डी.	'	4
	प्रबंध अध्ययन	एम.बी.ए.	60	2
		पी–एच.डी.	'	4
गणितीय एवं अभिकलन विज्ञान	संगणक विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	60	5
		एम.एस.सी. आई.टी.	60	2
		एम.सी.ए.	60	3
		पी–एच.डी.	'	4
	शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त गणित	एकीकृत स्नातक / परास्नातक	60	5
		एम.एस.सी.	120	2
		पी–एच.डी.	'	4
प्राकृतिक संसाधन	वानिकी, वन्य जीव एवं पर्यावरण विज्ञान	स्नातक (बी.एस.सी.)	60	4
		परास्नातक (एम.एस.सी.)	60	2
		पी–एच.डी.	'	4

संकाय/ अध्ययनशाला	विभाग	पाठ्यक्रम	सीटों की संख्या	अवधि (वर्ष में)
	भैषजिक विज्ञान	डिप्लोमा (फार्मेसी)	60	2
		बी.फार्मा	60	4
		एम.फार्मा	36	2
		पी–एच.डी.	'	4
	ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं सामाजिक विकास	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		परास्नातक (एम.एस.सी.)	60	2
		पी–एच.डी.	'	4
भौतिक विज्ञान	रसायन	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		परास्नातक	60	2
		पी–एच.डी.	'	4
	शुद्ध एवं अनुप्रयुक्त भौतिकी	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक (भौतिकी)	60	5
		एकीकृत स्नातक/ परास्नातक (इलेक्ट्रॉनिक्स)	60	5
		परास्नातक (भौतिकी)	60	2
		परास्नातक (इलेक्ट्रॉनिक्स)	60	2
		पी–एच.डी.	'	4
सामाजिक विज्ञान	अर्थशास्त्र	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		परास्नातक	30	2
		पी–एच.डी.	'	4
	शिक्षाशास्त्र	बी.एड.	100	
		बी.एड.(एस.ई.एल.)	25	1
		बी.एड.(एस.ई.एच.)	25	1
		एम.एड.	35	1
		पी–एच.डी.	'	4
	इतिहास	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		परास्नातक	25	2
		पी–एच.डी.	'	4
	राजनीति विज्ञान एवं लोक प्रशासन	एकीकृत स्नातक/ परास्नातक	60	5
		परास्नातक (लोकप्रशासन)	25	2
		परास्नातक (राजनीति विज्ञान)	25	2
		पी–एच.डी.	'	4
	समाजकार्य	बी.एस.डब्लू		
		एम.एस.डब्लू	30	2
		पी–एच.डी.	'	4
विधि	विधि	एकीकृत बी.ए.–एलएल.बी.	60	5
		एकीकृत बी.कॉम.–एलएल.बी.	60	5

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अंग

2. विश्वविद्यालय के शैक्षणिक अंग

2.1 विश्वविद्यालय की अध्ययनशालायें

विश्वविद्यालय की 09 अध्ययनशालाओं के 32 विभागों के माध्यम से अनेक पाठ्यक्रमों का संचालन होता है। अध्ययनशालाओं और विभागों की वर्तमान संरचना इस प्रकार है –

2.1.1 कला अध्ययनशाला

कला अध्ययनशाला के अंतर्गत 5 विभाग हैं, – अंग्रेजी, हिन्दी, पत्रकारिता एवं जनसंचार, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान और शारीरिक शिक्षण विभाग। अध्ययनशाला के अंतर्गत विभिन्न विभाग संबंधित विषयों के क्षेत्र में व्यापक पाठ्यक्रम एवं शोध रूचियों को शामिल करते हैं। विभिन्न विभागों की मुख्य गतिविधियों, संचालित पाठ्यक्रमों एवं उपलब्धियों का विवरण इस प्रकार है –

आंग्ल एवं विदेशी भाषा विभाग

साहित्य जगत में विद्यार्थियों की परख बढ़ाने के उद्देश्य के साथ वर्ष 1991 में अंग्रेजी विभाग की स्थापना की गई। विद्यार्थियों को साहित्य के विविध क्षेत्रों से परिचित कराया जाता है जैसे कि – अप्रवासी लेखन, स्त्री लेखन, साहित्य सिद्धांत, अमेरिकी साहित्य, भारतीय अंग्रेजी साहित्य और कैनेडियन साहित्य। विद्यार्थी साहित्य की विभिन्न विधाओं यथा –अप्रवासी लेखन, स्त्री लेखन, साहित्य–सिद्धांत आदि का समुचित अध्ययन कराया जाता है। साहित्य जगत में विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु प्रतिष्ठित आचार्यों के विशेष व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। लगभग 1000 पुस्तकों से सुसज्जित विभाग का अपना ग्रंथालय है। इन पुस्तकों के अतिरिक्त विद्यार्थियों को केन्द्रीय ग्रंथालय की भी सुविधा प्राप्त है। केन्द्रीय ग्रंथालय में लगभग 1680 पुस्तकों एवं इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। केन्द्रीय ग्रंथालय में पत्रिकाओं, संदर्भ ग्रंथों एवं शोध ग्रंथों की पर्याप्त संख्या है। केन्द्रीय ग्रंथालय द्वारा सदस्यता पत्र जारी किया जाता है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी ग्रंथालय में उपलब्ध पुस्तकों का अध्ययन हेतु उपयोग करते हैं। विभाग के पास तीन ऑन लाइन पत्रिकाओं की सुविधा भी उपलब्ध है।

विभाग द्वारा स्नातक/स्नातकोत्तर,के अतिरिक्त विभाग स्नातक स्तर पर विविध अनुशासनों में भाषा शिक्षण के द्वारा संवाद कौशल एवं भाषा कौशल संबंधी शिक्षण प्रदान करता है। ऐड–आन पाठ्यक्रम के रूप में विभाग द्वारा फ्रेंच एवं जर्मन भाषा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित किया जाता है। तुलनात्मक साहित्य शोध के क्षेत्र में वृहद दृष्टि को लाता है। इसी क्रम में विभाग ने 12 वीं योजना में तुलनात्मक साहित्य में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का प्रस्ताव भेजा है।

foHkkx }kjk vk;kftr ie[k xfrfofèk;kW

- ई–क्लास सत्र:अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से साहित्य का अभ्यास आवश्यक है। ई–क्लासरूम में विद्यार्थियों के लिए शेक्सपियर के नाटकों को प्रदर्शित करने की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को इस महान नाटककार के नाटकों का विश्लेषित और प्रशंसित करने का अवसर प्रदान किया जाता है।
- समान अवसर प्रकोष्ठ के अंतर्गत विद्यार्थियों को अंग्रेजी सीखने की उपचारात्मक कक्षा – इस पाठ्यक्रम के माध्यम से कला, विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य, शिक्षा, भैषजिक विज्ञान और बी.ई. के विद्यार्थियों ने पंजीकरण उपरांत लाभ प्राप्त किया। विभाग के विद्वान प्रोफेसर चितरंजन कर द्वारा विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग में भाषा पर व्याख्यान दिये गये जहॉं विद्यार्थियों ने लाभ प्राप्त किया।
- विभाग द्वारा पर्यावरण स्वच्छता को लेकर कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें "ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया" अवशिष्ट पदार्थ के सफल पुनरावृत्ति प्रयोग हेतु जागरुकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- विभाग द्वारा एक शैक्षणिक यात्रा भी की गई जिसमें मदकू द्वीप का भ्रमण किया गया जो कि अपनी पुरातात्विक ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान है।
- स्थापना दिवस 2014 के आयोजन पर विभाग के छात्रों द्वारा बनाये गये मॉडल "गोथिक महल" को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

f'k{kd lnL;ksa dh egRoi.kZ miyfCèk;kW

- विभागीय शिक्षकों द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन के विभिन्न दिशाओं पर समय–समय पर सुझाव एवं प्रकल्प कार्य प्रस्तुत किये जाते हैं।

- विभाग के प्रोफेसर इंद्रदेव तिवारी जी को कार्यवाहक कुलसचिव का दायित्व सौंपा गया है।
- विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अर्चना कुमारी को रांची विश्वविद्यालय से पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई एवं साथ ही विभाग के सहायक प्राध्यापक (तदर्थ) डॉ. आशुतोष सिंह को बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी से पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई।

fo|kfFk;k dh miyfCèk;k

- छात्र कौस्तुभ रंजन एम.ए. तृतीय सेमेस्टर द्वारा अंतरराष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी एन.आई.आई.टी. दुर्गापुर में (01 से 03 जून 2013) में सिनेमा पर पत्र प्रस्तुत किया गया जहॉ इन्हें उत्तम पत्र प्रस्तुतकर्ता का प्रमाण पत्र दिया गया।
- फजलुल हक जो कि एक किसान परिवार के छात्र हैं इन्होने जून 2013 में आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यू.जी.सी. नेट/जे.आर.एफ. में जे.आर.एफ. में सफलता प्राप्त की हैं।
- विभाग के 05 विद्यार्थियों ने अध्ययनरत रहते हुये छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (स्लेट) में सफलता प्राप्त की है।

हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग की स्थापना वर्ष 1987 में की गई । 60 सीटों की क्षमता के साथ एकीकृत स्नातक/स्नातकोत्तर कार्यक्रम और हिन्दी साहित्य तथा अनुवाद विज्ञान के पाठ्यक्रम में 60 सीटों की क्षमता के साथ स्नातकोत्तर कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसके साथ ही आधार पाठ्यक्रम के रूप में हिन्दी विभाग द्वारा विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों में एक वर्ष के आधार पाठ्यक्रम के रुप में हिन्दी साहित्य एवं भाषा शिक्षण का अध्यापन कार्य किया जाता है। इस समय विभागीय पुस्तकालय में लगभग 1000 किताबें हैं जहॉ हिन्दी की प्रमुख पत्रिकायें नियमित रुप से आती रहती हैं। इस वर्ष 400 नई पुस्तकें खरीदी गई है। विभागीय पुस्तकालय की सुविधायें विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध है। अध्ययन सत्र के दौरान विभाग द्वारा भाषा एवं साहित्य के विकास तथा प्रसार हेतु विविध कार्यक्रमों यथा काव्य गोष्ठी, परिचर्चा एवं साप्ताहिक "साहित्य वार्ता" कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। शैक्षणिक कार्यक्रमों के सक्रिय संचालन के साथ हिन्दी साहित्य के महत्व से विद्यार्थियों को अवगत कराने के साथ–साथ प्रत्येक विद्यार्थियों को भावनात्मक एकता, राष्ट्रीयता एवं कैरियर के महत्वपूर्ण विकल्प के रुप में हिन्दी भाषा के महत्व को आत्मसात कराने के महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य उद्देश्य की पूर्ति हेतु विभाग सतत् प्रयत्नशील है।

GGV Sponsored- Rajbhasha Workshop-III-27-12-13

i|e[k xfrfofèk;k

- हिन्दी विभाग कला अध्ययनशाला द्वारा बसंत पंचमी एवं महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला के जन्मदिवस के औसर पर दिनॉक 04.02.2014 को स्वरचित छात्र काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया इस अवसर पर लगभग 40 विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं का पाठ किया तथा 150 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

fo|kfFk;k dh miyfCèk;k

- छात्र कुमुद रजंन मिश्र बी.ए. पंचम सेमेस्टर को विश्वविद्यालय स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान।
- छात्र महेश कुमार एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट (दिसम्बर 2013) में जेआरएफ में सफलता प्राप्त।
- शोध छात्र प्रदीप कुमार को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट (दिसम्बर 2013) में सफलता प्राप्त ।
- शोध छात्रा पल्लवी रिनाहिते को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट (दिसम्बर 2013) में सफलता प्राप्त।
- विभागीय शोध छात्रों ने अकादमिक स्टाफ कालेज गुरु घासीदास विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 18 दिवसीय इंटरेक्शन प्रोग्राम में सहभागिता की एवं प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

foHkkxh; f'k{kdk dh miyfCèk;k

- विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार गोहे ने अकादमिक स्टाफ कालेज गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा

आयोजित 10वॉ आरियेन्टेंशन प्रोग्राम (19.05.2014 से 14.06.2014 तक) में सहभागिता की एवं । प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

- विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार गोहे द्वारा शोध पत्र प्रकाशित "मुक्तिबोध की आलोचना दृष्टि एवं कामायनी" (अनभै सॉच आईएसएसएन 2321–2276 त्रैमासिक हिन्दी शोध पत्रिका जनवरी मार्च 2014)
- विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार गोहे द्वारा शोध पत्र प्रकाशित "आधुनिक समाज में महिला सशक्तिकरण" राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी, शासकीय महाविद्यालय आठनेर, जिला बैतुल (म.प्र.)
- विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार गोहे द्वारा शोध पत्र प्रकाशित "मध्यकालीन सामाजिक परिप्रेक्ष्य में संत/भक्त कवियों की भूमिका" आर्य महिला पीजी कालेज चेतगंज, वाराणसी।

A Model on the Occassion of Annual Day

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की स्थापना 1988 में हुई। यह विभाग पी–एच.डी. (शोध) के साथ–साथ परास्नातक पाठ्यक्रम एम.एम. सी.जे. (मास्टर ऑफ मास कम्युनिकेशन एण्ड जर्नलिज्म) एवं पांच वर्षीय एकीकृत स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रम संचालित करता है। अपने आरम्भिक चरण में विभाग द्वारा स्नातक उपाधि पाठ्यक्रम बी.जे.एम.सी.(बैचलर ऑफ जर्नलिज्म एण्ड मास कम्युनिकेशन) संचालित किया जाता था, लेकिन वर्ष 2002 से यू.जी.सी. निर्देशों के अनुरुप स्नातकोत्तर उपाधि पाठ्यक्रम एम.एम.सी.जे. शुरू किया गया। इस पाठ्यक्रम का निरूपण विद्यार्थियों में मीडिया (प्रिण्ट, इलेक्ट्रॉनिक एवं न्यू मीडिया), पत्रकारिता एवं जनसंचार, विकास संचार, संचार शोध, विज्ञापन, जनसम्पर्क एवं कौशल के विकास को ध्यान में रखकर किया गया है। विभाग विभिन्न अवसरों पर बुलेटिन, न्यूजलेटर, हाउस–जर्नल, मैग्जीन और वृत्तचित्र आदि भी तैयार करता है। विश्वविद्यालय में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों को दृश्य–श्रव्य रुप में संग्रहीत करने एवं इनकी रिपोर्ट तैयार करने के साथ–साथ यह विभाग 'मीडिया प्रकोष्ठ' के रुप में कार्य करता है तथा विश्वविद्यालय से जुड़ी खबरें मीडिया को प्रेषित करता है।

mís';

- मीडिया शिक्षण एवं प्रशिक्षण की व्यवस्था देना।
- छत्तीसगढ़ के सम्पूर्ण विकास के लिए परम्परागत एवं जनमाध्यमों का उपयोग तथा उसका अध्ययन करना।
- छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रांतीय एवं राष्ट्रीय पहचान देने के लिए सामुदायिक समाचार पत्रों का प्रकाशन एवं श्रव्य–दृश्य कार्यक्रमों के उत्पादन के लिए सम्पर्क केन्द्र के रुप में कार्य करना।
- क्षेत्रीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय नेटवर्किंग के लिए मीडिया स्रोत एवं अनुसंधान केन्द्र के रुप में कार्य करना।

f'k{kd lnL;k dh miyfC/k;k¡

- श्री सुधीर कुमार को 2013 में टाटा फेलोशिप प्राप्त।
- डॉ. अमिता को अक्टूबर 2013 में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त।

fo|kfFkZ;k dh miyfC/k;k¡

- विभागीय छात्रा हरजिंदर कौर बी.ए. तृतीय सेमेस्टर ने शिक्षक दिवस पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं साथ ही गांधी जयंती 2013 पर आयोजित वाद–विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
- विभागीय छात्रों ने प्रसार भारती आकाशवाणी बिलासपुर का भ्रमण किया जहां उन्होने रेडियो प्रोग्राम से संबंधित रिकार्डिंग स्टूडियो प्रसारण केन्द्र, रेडियो पुस्तकालय आदि का ज्ञान प्राप्त किया।
- विभागीय छात्र सत्यपाल सिंह राजपूत, बी.ए. पंचम सेमेस्टर का छात्र परिषद् चुनाव 2013–14 में निर्विरोध चयन।

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग

पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग की स्थापना 27 सितम्बर 1985 को विश्वविद्यालय की कला अध्ययनशाला के अतंर्गत की गई। इस अंचल में यह अपनी तरह का प्राचीनतम विभाग है, जो व्यापक छात्र समूह को ज्ञान प्रदान करने की दिशा में कार्यरत है। प्रारंभिक

Public Awareness Rally on the Occassion of Independence Day

'Nukkad Natak' by the students of the Department

सीमित संसाधनों के साथ शुरुवात करते हुये विभाग में कालांतर में विभिन्न आयामों में प्रगति की है। वर्तमान में विभाग में पंचवर्षीय एकीकृत यूजी/पीजी इन लाईब्रेरी साइंस बैचलर ऑफ लाईब्रेरी साइंस, मास्टर आफ लाईब्रेरी साइंस एवं डॉक्टर ऑफ फिलासफी पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। हमारा आदर्श वाक्य केवल आवश्यकता आधारित शिक्षा प्रदान करना नहीं अपितु विभिन्न आधुनिक कुशलताओं व दक्षताओं के माध्यम से छात्रों को सशक्त बनाना है। हम ऐसा वातावरण विकसित करने में सफल हुये हैं जहॉ छात्र अध्ययन हेतु प्रेरित हो। अद्यतन व प्रासंगिक वैज्ञानिक साहित्य के लिये एक व्यापक संग्रह से लैस कार्यात्मक पुस्तकालय और पूरी तरह से सुसज्जित प्रयोगशाला हमारे प्रमुख शक्तियों में से है। छात्रों के संचार कौशल के विकास करने व विभिन्न संगोष्ठियों में भाग लेने के लिये हम उनकी सहायता करते है जिससे वे साथी सदस्यों के साथ अपने विचारों व अनुभवों को साझा कर सकें। अत्यन्त प्रेरित व समर्पित शिक्षकों के माध्यम से अपने व्यवसाय के क्षेत्र में एक आदर्श के रुप में सेवा करना हमारा लक्ष्य है।

Students browsing through books

Students consulting web resources

foHkkx dk mís';

- छात्रों को बिना भेदभाव के उनकी आवश्यकता अनुरुप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना।
- विभिन्न नवीन तकनीको के उपयोग द्वारा प्रतिभाशाली शिक्षण, विद्वता को प्रोत्साहित करना एवं व्यवसायिक कार्यों का उन्नयन करना।
- पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में ज्ञान एवं अभ्यास की सीमाओं को आगे बढ़ाना।
- क्षेत्र, समुदाय, क्षेत्र और विश्व की सूचना के माध्यम से सेवा।
- सूचनाओं के संगठन, प्रबंधन, प्रसार एवं संरक्षण के लिये कुशल मानव शक्ति उत्पन्न करना।

fo|kfFkZ;ksa dh miyfC/k;k¡

- विद्यार्थियों ने विभिन्न उच्च प्रतिष्ठित संगठनों में पदभार ग्रहण किया।
- यथेष्ठ संख्या में छात्रों ने यूजीसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा नेट व छत्तीसगढ़ स्टेट इलीजिबिलिटी टेस्ट (सी.जी.सेट) परीक्षा में सफलता अर्जित की।
- विद्यार्थियों ने विभिन्न सम्मेलनों में भाग लिया और शोध पत्र प्रस्तुत किये।

'kkjhfjd f'k{k.k ,oa [ksydwn foHkkx

शारीरिक शिक्षण एवं खेलकूद विभाग की स्थापना गुणवत्तायुक्त शिक्षा और संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञता प्रदान करने के उद्देश्य से सन् 1985 में की गयी। वर्तमान में विभाग में एक एकवर्षीय बी.पी.एड. और दो वर्षीय एम.पी.एड. पाठ्यक्रम संचालित है। विभाग के पास अपना पूर्ण विकसित खेल मैदान है जिसमें 400 मीटर का एथलेटिक्स ट्रेक, दुधिया प्रकाश से युक्त दो बास्केटबाल कोर्ट एवं बहुकेन्द्रीय व्यायामशाला है। एनसी.टी.ई. के मानदण्डों के अनुरूप आधारभूत संरचना का विकास किया गया है। सक्षम शिक्षकों एवं प्रशिक्षकों के दल द्वारा प्रशिक्षण और प्रकल्प तैयार किया जाता है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं उन्नयन हेतु विभाग विभिन्न खेलों में कौशलवृद्धि हेतु प्रशिक्षण शिविरों की भी सुविधा प्रदान करता है। विभिन्न खेलों में उत्तर क्षेत्र/ अखिल भारतीय / अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 14 टीमों को प्रशिक्षित कर भेजा गया। जिसमें 158 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। विभाग द्वारा संचालित खेल गतिविधियों के निरीक्षण एवं सुझाव हेतु ''स्पोर्ट्स बोर्ड'' एवं ''स्पोर्ट्स कमेटी'' का प्रावधान किया गया है।

A vollyball match in progress

Models prepared by students

foHkkx xfrfof/k;ksa esa fo|kfFkZ;ksa dh Hkkxhnkjh%

- अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन मुक्केबाजी (पुरुष) प्रतियोगिता बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में भागीदारी की।
- अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालयीन टाईक्वान्डों प्रतियोगिता (महिला/पुरुष) में सत्यभामा विश्वविद्यालय चेन्नई में भागीदारी की।
- अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन जूडो प्रतियोगिता, जे.एन.डी.यू. अमृतसर में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (महिला/पुरुष) बैडमिंटन प्रतियोगिता के.आई.आई.टी. भूवनेश्वर में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (महिला/पुरुष) बास्केटबाल प्रतियोगिता के.आई.आई.टी. भूवनेश्वर में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (पुरुष) टेबल टेनिस प्रतियोगिता पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (पुरुष) टेनिस प्रतियोगिता के.आई.आई.टी. भूवनेश्वर में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (पुरुष) फूटबाल प्रतियोगिता एल.एन.आई.पी.ई प्रतियोगिता ग्वालियर में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (पुरुष) व्हालीबाल प्रतियोगिता एल.एन.आई.पी.ई प्रतियोगिता ग्वालियर में भागीदारी की।

National Sports Day celebration

University Registrar, DSW, and Director, Physical Education greeting players

- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (महिला/पुरुष) हेन्डबाल प्रतियोगिता काकटिया विश्वविद्यालय वारंगल में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (पुरुष) कबड्डी प्रतियोगिता काकटिया विश्वविद्यालय वारंगल में भागीदारी की।
- मध्यक्षेत्रिय अंतर विश्वविद्यालयीन (पुरुष) क्रिकेट प्रतियोगिता काकटिया विश्वविद्यालय वारंगल में भागीदारी की।

fo|kfFk;ksa dh miyfCek;k

- 04 विद्यार्थियों ने यू.जी.सी. नेट/जे.आर.एफ. में सफलता प्राप्त की।

2.1.2 अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला

प्रौद्योगिकी संस्थान

प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना वर्ष 1997 में तकनीकी शिक्षा के प्रोत्साहन स्वरूप हुई जिससे कि पेशेवर और प्रतिस्पर्धी चुनौतियों से निपटने हेतु योग्य अभियंताओं को तैयार किया जा सके। इसके प्रमुख एक निदेशक होते हैं जो संपूर्ण प्रशासन की देखरेख करते हैं तथा एक अधिष्ठाता, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी अध्ययनशाला भी होता है जो सभी शैक्षणिक गतिविधियों को संचालित करता है। योग्य एवं अनुभवी शिक्षको, आधुनिक शिक्षा प्रणाली, सुसज्जित पुस्तकालय, उपकरणों से युक्त प्रयोगशाला, संगणक सुविधा तथा अन्य आवश्यक ढ़ांचायुक्त सुविधाओं की सहायता से पेशेवर स्नातकों को तैयार किया जाता है। संस्थान गुणत्तायुक्त शिक्षण, प्रशिक्षण, सहयोग व प्रायोजना कार्य के द्वारा महान ऊंचाई छूने की ओर अग्रसर है।

प्रौद्योगिकी संस्थान कई केन्द्रीय सुविधाओं से युक्त है जैसे – केन्द्रीय ग्रंथालय, प्रशिक्षण एवं संस्थापन प्रकोष्ठ, ई–क्लासरूम आदि है। संस्थान 'इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, कोलकाता' तथा 'इंडियन सोसाइटी फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (ए.आई.सी.टी.ई.)' का आजीवन सदस्य है।

वर्तमान में संस्थान मांग आधारित अनुशासनों में बी.टेक डिग्री कार्यक्रमों का संचालित करता है। बी.टेक पाठ्यक्रम में प्रवेश अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (ए.आई.ई.ई.ई) के माध्यम से होता है। अत्याधुनिक विकास एवं अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी परिदृश्य में परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए समस्त शैक्षणिक कार्यक्रमों एवं पाठ्यक्रमों को पुनर्निर्धारित किया गया है।

lLFkku }kjk fuEu ikB;Øe lapkfyr fd;k tkrk g%

1 बी.टेक एण्ड बी.ई. इन केमिकल इंजीनियरिंग
2. बी.टेक एण्ड बी.ई. इन सिविल इंजीनियरिंग
3. बी.टेक एण्ड बी.ई. इन कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग
4. बी.टेक एण्ड बी.ई. इन इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग
5. बी.टेक एण्ड बी.ई. इन इंडस्ट्रीयल एण्ड प्रोड्क्शन इंजीनियरिंग
6. बी.टेक एण्ड बी.ई. इन इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी
7. बी.टेक एण्ड बी.ई. इन मैकेनिकल इंजीनियरिंग

संस्थान में केमिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में एम.टेक. कार्यक्रम का संचालन किया जाता है। संस्थान में उपलब्ध अन्य शेष अनुशासनों के अंतर्गत विभिन्न विषयों में एम.टेक. कार्यक्रम के संचालन को प्रस्तावित किया है। संस्थान में 'परीक्षण एवं परामर्श प्रकोष्ठ' को आगामी सत्र आरंभ करने का प्रस्ताव है जो कि संस्थान और उद्योगों के बीच जीवंत संपर्क स्थापित करने के साथ समाज के लिए उपयोगी सेवा केन्द्र सिद्ध होगा।

रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग

रासायनिक अभियांत्रिकी में स्नातक कार्यक्रम के साथ वर्ष 1997 में इस विभाग की स्थापना हुई। विभाग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को रासायनिक अभियांत्रिकी में शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्रदान कर प्रतियोगी एवं सुयोग्य रासायनिक अभियंता के रूप में निर्मित करना है। विभाग में सत्र 2011 से एम.टेक. पाठ्यक्रम आरंभ किया गया है। विभाग में अनेक महत्वपूर्ण एवं अत्याधुनिक सुविधाएं सम्मिलित की गयी। विभाग में विद्यार्थियों की सोसाइटी 'चेस' ने अनेक सह–शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया। विभागीय और केन्द्रीय ग्रंथालय में केमिकल इंजीनियरिंग से संबंधित पुस्तकें सम्मिलित की गयी। प्रतिवेदन वर्ष में विभाग में विभिन्न सह–शैक्षणिक गतिविधियों जैसे कि–संगोष्ठियों औद्योगिक इकाईयों का भ्रमण, तर्कशक्ति परीक्षण, प्रश्नोत्तरी आदि का आयोजन विद्यार्थियों के विकास हेतु किया।

i e[k {k=%&

फ्लूइडाइजेशन, कैटालसिस, सेपरेशन प्रासेसेज एण्ड प्रासेस इन्टरसीफिकेशन।

foHkkx e miyCèk i e[k midj.k%

यू.वी. स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, बी.ओ.डी. इनक्यूवेटर

foHkkxh; lnL;k dh miyfCèk;k

- विभाग के शिक्षक श्री नीरज चंद्राकर एवं श्री संदीप सिंह द्वारा आर.आई.टी रायपुर द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 23–24 जनवरी 2014 को "एप्लीकेशन ऑफ फजी लॉजिक इन केमिकल इंजीनियरिंग" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया गया।
